**760. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**

| | नदी | सहायक नदी |
|---|---|---|
| (a) | चम्बल | बनास |
| (b) | बनास | बेड़च |
| (c) | माही | साबरमती |
| (d) | लूनी | सूकड़ी |

**पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथिः19-09-2020**

**Ans. (c)** सही सुमेलन है-

| नदी | | सहायक नदी |
|---|---|---|
| चम्बल | - | बनास, पार्वती कालसिंध, शिप्रा |
| बनास | - | बेडच, मेनाल, कोठारी, खारी |
| माही | - | सोम, जाखम, अनास, पनाम |
| लूनी | - | सूकड़ी, जोजड़ी, मीठड़ी, सागी |

**761. विंध्यन कगार भूमियां किस नदी के बीच स्थित है?**

(a) चंबल-बनास (b) कालीसिंध-पार्वती
(c) बेड़च- बनास (d) पार्वती-परवन

**कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022**

**Ans. (a)** विंध्यन कगार की भूमि चम्बल और बनास नदी के मध्य स्थित है। विंध्यन कगार भूमि दक्षिण-पूर्वी पठार का भाग है। यह कगार क्षेत्र करौली धौलपुर जिले का भू-भाग है। यह क्षेत्र बलुआ पत्थरों से निर्मित है।

**762. विन्ध्यन कगार भूमि जिन नदियों के मध्य स्थित है, वह हैं**

(a) बाणगंगा व बनास (b) कालीसिंध व चंबल
(c) बेड़च व बनास (d) चंबल व बनास

**RPSC School Lecturer-26-04-2017**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**763. परवन, निवाज और आहू सहायक नदियाँ है-**

(a) काली सिन्ध की
(b) बेड़च की
(c) कोठारी की
(d) माही की

**कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022**

**Ans. (a) :** परवन, निवाज, आहू और उजाड़ नदियाँ काली सिंध की सहायक नदियाँ हैं। काली सिंध का उद्गम मध्य प्रदेश के देवास के विंध्य पर्वत श्रेणी से है राजस्थान में इसकी लंबाई 150 km है। वर्षा ऋतु में यह नदी रौद्र रूप धारण कर लेती है।

**764. निम्नलिखित में से कौन सी नदी राजस्थान से होकर नहीं बहती है?**

(a) रूपारेल (b) माही
(c) ताप्ती (d) लूनी

**Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022**

**Ans. (c) :** ताप्ती (तापी) नदी मध्य प्रदेश के बेतुल जिले में सतपुड़ा की पहाड़ी से निकल कर पश्चिम की ओर विभ्रंश घाटी में बहती हुई अरब सागर में मिल जाती है। इस नदी की लम्बाई 724 किमी. है। ताप्ती नदी बेसिन मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में विस्तृत है। यह नदी राजस्थान में नहीं बहती। शेष तीनों नदियाँ राजस्थान में बहती हैं।

**765. निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) अलवर -साबी, रूपारेल
(b) उदयपुर-बनास, बेड़च
(c) करौली-जगर, गम्भीरी
(d) डूंगरपुर-बाणगंगा, मोरेल

**48 LA2018_Question Paper Code-48**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित है-

| | जिला | | नदी |
|---|---|---|---|
| (i) | अलवर | - | साबी, रूपारेल |
| (ii) | उदयपुर | - | बनास, बेड़च |
| (iii) | करौली | - | जगर, गम्भीरी |
| (iv) | डूंगरपुर | - | सोम, माही |

**766. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है**

| | नदी | – सहायक नदी |
|---|---|---|
| (a) | चम्बल | – बनास |
| (b) | बनास | – बेड़च |
| (c) | माही | – साबरमती |
| (d) | लूनी | – सूकड़ी |

**Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित नहीं है–

| नदी | – | सहायक नदी |
|---|---|---|
| चम्बल | – | बनास |
| बनास | – | बेड़च |
| माही | – | सोम |
| लूनी | – | सूकड़ी |

• माही की सहायक नदियाँ सोम, जाखम, अनास, चाप व मोरेन हैं।

**767. निम्नलिखित में से कौनसा (उत्पत्ति स्थान – नदी) सही सुमेलित नहीं है?**

(a) जानापाव पहाड़ियाँ – चंबल
(b) नाग पहाड़ – लूनी
(c) गोगुन्दा पहाड़ियाँ – बेड़च
(d) बिजराल पहाड़ियाँ – बनास

**House Keeper 2022_09.07.2022**

**Ans. (d) :** बनास नदी का उद्गम खमनौर की पहाड़ी से होता है। इस नदी की कुल लंबाई 512 किमी. है, इस नदी का उपनाम-वर्णशा, वन की आशा है। बनास नदी पर (बीसलपुर) टोंक बांध है।
चंबल नदी का उद्गम स्थल मध्य प्रदेश की जानापावा पहाड़ी होता हैं, इस नदी का उपनाम चर्माण्वती, कामधेनु, नित्यवाही नदी है। राजस्थान में इस नदी का प्रवेश स्थल चौरासीगढ़ (चित्तौड़गढ़) है। सर्वाधिक अवनालिका अपरदन इस नदी के कारण होता है। बेड़च नदी का उद्गम स्थल गोगुन्दा की पहाड़ियाँ हैं।

**768. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| | नदी | सहायक नदी |
|---|---|---|
| (a) | चंबल | – बनास |
| (b) | बनास | – बेडच |
| (c) | लूनी | – सूकड़ी |
| (d) | काली सिंध | – कोठारी |

**RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)**